# वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने अग्निवीर भर्ती रैली का फीता काटकर किया शुभारंभ





### ❒ अभ्यर्थियों से मुलाकात कर सफलता के लिए दी शुभकामनाएं

रायगढ़

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने आज अग्निवीर भर्ती रैली का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने अभ्यर्थियों से मुलाकात कर शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, एसपी दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव उपस्थित रहे।

वित्तमंत्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि सेना ने अग्निवीर भर्ती रैली के लिए रायगढ़ को चुना। प्रदेश के युवा जो लिखित परीक्षा पास किए है, वो फिजिकल टेस्ट देने रायगढ़ आ रहे है। मैं शुभकामनाएं देता हूं कि अधिक से अधिक अभ्यर्थी इस परीक्षा में चयनित हों। पूर्व में भी कैंपेन चलाकर आर्मी कल्चर को डेवलप किए थे और रायगढ़ में भी यह कार्य मजबूती के साथ किया जा रहा है। इससे युवाओं को अग्निवीर बनने और देश सेवा करने के साथ अपने लाइफ में अनुशासन लाने का मौका मिलेगा। युवा अपने पैर में खड़े होंगे और सेना के साथ अनुशासित देशभक्त नागरिक के रूप में समाज में अपनी बड़ी भूमिका निभाएंगे।

ब्रिगेडियर प्रताप सिंह राणावत ने कहा कि यह खुशी का मौका है कि आज वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने अग्निवीर भर्ती रैली का शुभारंभ किया। यह रैली सुचारु रूप से संचालित की जाएगी। युवा पूरे जोश के साथ रैली में आए है, उन्होंने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अधिक से अधिक युवा चयन होकर अग्निवीर बने और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करें।

इस दौरान वित्त मंत्री चौधरी ने अग्निवीर भर्ती रैली के व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। ब्रिगेडियर प्रताप सिंह राणावत एवं कर्नल नरेंद्र प्रसाद सेमाल्टि ने भर्ती रैली के विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी देते हुए। मेन गेट में अभ्यर्थियों की एंट्री, रैली अटेंडेंस जांच, बायोमैट्रिक, आधार एवं मेडिकल जांच के विभिन्न सेक्शन का अवलोकन करवाते हुए जानकारी दी कि चयन प्रक्रिया के कौन कौन से चरण होंगे। प्रत्येक सेक्शन के लिए इंचार्ज अधिकारी नियुक्त किए गए है। उल्लेखनीय है कि आज रात्रि 12 बजे से अग्निवीर भर्ती रैली की शुरुआत हुई है, जो 12 दिसंबर तक चलेगी। पहले दिन सारंगढ़-बिलाईगढ़ एवं जांजगीर-जांजगीर चांपा के अभ्यर्थी फिजिकल टेस्ट में शामिल हो रहे हैं।

इस दौरान एडिशनल एसपी रामगोपाल करियारे, नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय, एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी, एसडीएम घरघोड़ा रमेश मोर, डीएसपी अभिनव उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित

## अग्निवीर भर्ती रैली: व्यवस्थाओं का जायजा लेने रैन बसेरा पहुंचे निगम आयुक्त

### ❒ युवाओं से की चर्चा, व्यवस्थाओं के संबंध में लिए फीडबैक

### ❒ अग्निवीर भर्ती रैली में शामिल युवाओं ने जिला प्रशासन के व्यवस्थाओं के लिए किया आभार व्यक्त

रायगढ़

अग्निवीर भर्ती रैली रायगढ़ के बोईरदादर स्टेडियम में प्रारंभ हो गई है। जिसमें प्रदेश भर के फिजिकल टेस्ट पास कर चुके अभ्यर्थी शामिल हो रहे है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर भर्ती रैली में शामिल होने वाले युवाओं को बेहतर सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न व्यवस्थाएं की गई है। जिसका आज निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने रैन बसेरा में पहुंच कर उनके ठहरने की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अग्निवीर भर्ती रैली में शामिल युवाओं से चर्चा करते हुए सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अग्निवीर भर्ती रैली में शामिल युवाओं को अपने हाथ से भोजन भी परोसे।

निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने बताया कि अग्निवीर भर्ती रैली के लिए जिला प्रशासन, नगर निगम प्रशासन एवं अन्य विभाग के टीम द्वारा पहले से ही तैयारी पूर्ण कर ली गई थी। जिसके तहत अभ्यर्थियों के लिए ठहरने की व्यवस्था की गई है। वहीं रेल्वे स्टेशन, केवड़ा बाड़ी बस स्टैंड एवं सारंगढ़ बस स्टैंड में अभ्यर्थियों के लिए परिवहन की सुविधा की गई है। साथ ही प्रशासन एवं जनसहयोग से नाश्ता एवं भोजन की भी व्यवस्था की गई है। इसके पश्चात अभ्यर्थियों को सेंटर तक तक पहुंचाने एवं परीक्षण उपरांत उन्हें गंतव्य तक छोड़ने हेतु परिवहन की व्यवस्था की गई है। 4 दिसम्बर को 580 अभ्यर्थियों के अलावा आज लगभग 950 अभ्यर्थी जिला प्रशासन के द्वारा की गई सुविधा का लाभ ले रहे है।



उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न जिलों से आए अभ्यर्थियों को केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड, ट्रांसपोर्ट नगर बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशन के आसपास के क्षेत्र में बने सामुदायिक एवं मंगल भवन में नि:शुल्क ठहरने की व्यवस्था की गई है। जहां अभ्यर्थियों को साफ -सुथरा शौचालय, नहाने एवं फ्रेश होने की भी सुविधा मिल रही है। इसमें सभी सामुदायिक भवनों में अभ्यर्थियों के आराम करने, सोने के लिए गद्दा, तकिया एवं ठंड से बचने कंबल की व्यवस्था की गई है। सभी सामुदायिक भवनों में अलाव जलाने के निर्देश भी दिए गए हैं। अग्निवीर भर्ती रैली में शामिल होने आए अभ्यर्थियों के ठहरने वाले सामुदायिक भवनों में प्रति दिवस समुचित सफाई एवं शुद्ध पीने की पानी व्यवस्था के निर्देश दिए गए है। इसमें नगर निगम की विभिन्न टीम निर्धारित की गई है, ताकि युवा अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की समस्या न हो। रैली में शामिल होने वाले युवाओं की सुविधा के लिए रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड में हेल्प डेस्क लगाया गया है, जहां गठित टीम के कर्मचारी सेवाएं दे रहे हैं। यहां ट्रेन या बस से पहुंचने वाले युवा उम्मीदवारों का शहर में स्वागत करने के साथ उनके ठहरने के स्थलों, ट्रांसपोर्ट की सुविधा एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी दी जा रही है।

अग्निवीर भर्ती रैली में शामिल युवाओं ने जिला प्रशासन का किया आभार व्यक्त

निगम आयुक्त ने बृजेश सिंह क्षत्रिय ने रैन बसेरा में पहुंचे अभ्यर्थियों से चर्चा की। बीजापुर से आए लक्ष्मण कुडियम ने कहा कि यहां अच्छी व्यवस्था है। सुबह के नाश्ते के साथ रात में भोजन दिया गया। इसी प्रकार अंबिकापुर के आर्यन सोनकर एवं सरगुजा मैनपाट के विवेक तिर्की ने कहा कि बस स्टैंड पहुंचने पर लोगों ने रहने की व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी। जिसमें हमें किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हुई, यहां बेहतर व्यवस्था है। वही रैली स्थान तक जाने के लिए परिवहन की व्यवस्था की गई है, जो युवाओं के लिए काफी अच्छा है। उन्होंने जिला प्रशासन की व्यवस्थाओं के लिए आभार व्यक्त किया।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### दस्तावेज परीक्षण के बाद मेरिट क्रम अनुसार होगी स्पेशल एजूकेटर पदों की भर्ती

**रायगढ़।** समावेशी शिक्षा अंतर्गत स्पेशल एजूकेटर (अनुसूचित जनजाति वर्ग के मुक्त 1 एवं महिला 1 कुल 2 पद) पर भर्ती के लिए आवेदकों से आवेदन मंगाए गए थे। निर्धारित तिथि तक प्राप्त 60 आवेदनों पत्रों के परीक्षण कर पात्र/अपात्र किया गया है। जिसके संबंध में दावा-आपत्ति मंगाए गए थे। तदनुसार अंतिम रूप से पात्र/अपात्र किया गया है। अपात्रता के संबंध में कारण भी उल्लेख किया गया है। जिसकी सूची जिले के वेबसाईट www.raigarh.gov.in में अपलोड की गई है। अंतिम रूप से पात्र 5 आवेदकों को मूल दस्तावेज से संलग्न दस्तावेजों को परीक्षण कराने के लिए उनके पते पर पत्र भेजा गया है। दस्तावेज परीक्षण के बाद मेरिट क्रम से संबंधित को नियुक्ति आदेश जारी किया जाएगा।

### नि:शुल्क गैर आवासीय प्रशिक्षण हेतु रिक्त सीटों पर प्रवेश प्रारंभ

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत जिले के शासकीय प्रशिक्षण केन्द्र लाईवलीहुड कालेज में संचालित प्रशिक्षण में सिलाई मशीन (5 वीं उत्तीर्ण), रिटेल सेल्स एसोसिएट (10 वीं), इलेक्ट्रिशियन (10 वीं), प्लंबर (5 वीं), इलेक्ट्रिशियन डोमेस्टिक सॉल्यूशन (8 वीं), डोमेस्टि डाटा एन्ट्री ऑपरेटर (10 वीं) एवं जल वितरण संचालक (12 वीं)कोर्स में नि:शुल्क गैर आवासीय प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ हो चुके है जिसमें बचे हुए सीटों की पूर्ति के लिए प्रवेश लिया जा रहा है। प्रशिक्षण हेतु न्यूनतम आयु 18 से 40 वर्ष होनी चाहिए। प्रशिक्षण उपरांत सफल प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जायेंगे। इच्छुक युवक-युवतियां लाईवलीहुड कालेज, केआईटी कालेज के पास अग्रसेन आईटीआई के बगल में उड़ीसा रोग, गढ़उमरिया रायगढ़ में समस्त दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अथवा लाईवलीहुड कालेज रायगढ़ के मोबा.नंबर 9755940953, 6267186361, 7000204307 से संपर्क कर अपना पंजीयन करा सकते है।

## 25 दिसम्बर तक चलेगा देश का प्रकृति परीक्षण अभियान

### ❒ 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिकों का मोबाइल एप के माध्यम से किया जाएगा परीक्षण

### ❒ स्वस्थ रहने हेतु विभिन्न ऋतुओं में आहार-विहार और दिनचर्या के बारे में किया जाएगा जागरूक

रायगढ़

भारत सरकार आयुष मंत्रालय तथा संचालनालय आयुष रायपुर छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार रायगढ़ जिले के अंतर्गत संचालित समस्त आयुष संस्थाओं द्वारा 26 नवंबर से 25 दिसंबर 2024 तक 'देश का प्रकृति परीक्षण' अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत 18 वर्ष से अधिक आयु वाले नागरिकों का मोबाइल एप्लीकेशन के द्वारा प्रकृति का परीक्षण किया जाना है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य हर घर आयुर्वेद है जिसके द्वारा व्यक्ति को स्वस्थ रखने हेतु विभिन्न ऋतुओं में आहार-विहार और दिनचर्या के बारे में उन्हें अवगत कराना है एवं शारीरिक और मानसिक संरचना को समझते हुए स्वास्थ्य पद्धतियों को बढ़ावा देना है। प्रकृति परीक्षण की विधि आधुनिक पी-5 चिकित्सा सिद्धांतों-पूर्वानुमान, निवारक, व्यक्तिगत, सहभागितपूर्ण और सटीक चिकित्सा के साथ मेल खाती है।

प्रकृति परीक्षण उपरांत समस्त नागरिकों द्वारा निम्न शपथ लिया जायेगा। इस अभियान के तहत पंजीकृत समस्त आयुर्वेद चिकित्सक प्रकृति परीक्षण एप में वॉलंटियर के तौर पर अपने एंड्रॉयड फोन पर लॉगिन, करेंगे तथा आम नागरिक प्रकृति परीक्षण एप में ही सिटीजन के तौर पर लॉगिन करेंगे। आयुष चिकित्सक आपके पास आकर आपका प्रकृति परीक्षण फार्म ऑनलाईन भरेंगे। तत्पश्चात् आपको आपकी प्रकृति संबंधी जानकारी एवं उसका प्रमाण पत्र आपको प्रदाय किया जायेगा साथ ही दिनचर्या, ऋतुचर्या एवं आहार-बिहार की जानकारी देगे।

## मेसर्स जिंदल स्टील एड पावर यूनिट 3 में जांच के बाद की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

### ❒ प्लांट के लाईम एंड डोलो प्लांट के सभी बैग फिल्टर चेम्बर में श्रमिकों द्वारा हापर इन्स्पेक्शन डोर को खोलकर जांच करने को किया गया प्रतिबंधित

### ❒ जांच में मिली कमियों के आधार पर की गई कार्यवाही

रायगढ़

मेसर्स जिंदल स्टील एण्ड पावर लिमिटेड यूनिट-3, खरसिया रोड, रायगढ़ में बीते दिनों दुर्घटना ग्रस्त होकर दो व्यक्ति के मृत्यु के संबंध में औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग द्वारा प्लांट की जांच की गई। जिसमें मजदूरों की सुरक्षा को लेकर इंतेजाम में गंभीर खामियां पाए जाने पर श्रमिकों के सुरक्षा को ध्यान रखते हुए लाईम एंड डोलो प्लांट में स्थापित समस्त बैग फिल्टर चेम्बर के हापर के इन्स्पेक्शन डोर को खोलकर जांच के कार्य में श्रमिकों के नियोजन को प्रतिबंधित किया गया है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने उद्योगों में श्रमिकों की सुरक्षा में लापरवाही पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।



इस संबंध में जानकारी देते हुए मनीष श्रीवास्तव उप संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा ने बताया कि लाईम एंड डोलो प्लांट में स्थापित समस्त बैग फिल्टर चेम्बर के हापर के इन्स्पेक्शन डोर को खोलकर जांच के कार्य में श्रमिकों के नियोजन को प्रतिबंधित किया गया है। यह प्रतिबंध तब तक जारी रहेगा जब तक कि इस कार्य के लिये एक सुरक्षित स्टैण्डर्ड आपरेटिंग प्रोसिजर निर्धारित नहीं कर लिया जाता है। बैग फिल्टर चेम्बर पर कार्य करने वाले सभी श्रमिकों को कार्यस्थल पर उपस्थित रहने वाले संभावित खतरों तथा स्टैण्डर्ड आपरेटिंग प्रोसिजर की जानकारी एवं आवश्यक प्रशिक्षण भलीभांति प्रदान करना सुनिश्चित नहीं कर लिया जाता है। बैग फिल्टर के हापर के अंदर प्रेसर व टेम्प्रेचर मेजरमेंट एवं हापर के अंदर संभावित ज्वलनशील गैस या अन्य ज्वलनशील सबस्टेंस की उपस्थिति की जांच के लिये बैग फिल्टर हापर में आवश्यक इन्स्ट्रूमेंट लगाया जाकर प्रापर मानिटरिंग की व्यवस्था सुनिश्चित नहीं कर ली जाती है। बैग फिल्टर हापर के इन्स्पेक्शन डोर खोलने के कार्य में नियोजित श्रमिकों द्वारा एल्यूमिनाईज्ड प्रोक्सीमिटी सूट का प्रयोग किया जाना सुनिश्चित नहीं कर लिया जाता है। बैग फिल्टर के अंदर किसी भी स्थिति में हॉट डस्ट का एक्यूमूलेशन न हो इस हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित नहीं कर ली जाती है तथा इस बाबत् एक रिपोर्ट कारखाना निरीक्षक के समक्ष प्रस्तुत नहीं कर दी जाती है।

## दिव्यांग दिवस के अवसर पर न्यायाधीशगण बच्चों के साथ हुये रूबरू

रायगढ़



अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में उत्तम मेमोरियल कॉलेज एवं नई उम्मीद (घरौंदा) में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश विरेन्द्र ने बच्चों को समझाते हुए कहा कि स्मार्ट फोन और इंटरनेट के द्वारा साइबर क्राइम दुनियाभर में व्याप्त है साइबर अपराध और सुरक्षा के बारे में जानना बेहद जरूरी है सभी छात्रों को इस अपराध के विषय में जानकारी होनी चाहिए साथ ही बच्चों को यह भी जानकारी दी गई कि मोबाईल फोन के अत्यधिक इस्तेमाल से शारीरिक, मानसिक और कभी-कभी आर्थिक नुकसान भी हो सकता है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट देवेन्द्र साहू ने शिक्षा की अनिवार्यता के विषय में बताते हुए कहा कि शिक्षा एक प्रक्रिया है जहाँ ज्ञान, कौशल और आदतें एक पीढ़ी से दूसरे पीढ़ी तक जाती है। शिक्षा मनुष्य के विकास के लिए आवश्यक है शिक्षा व्यक्ति के जीवन को बेहतर बनाता है, आगे टोन्ही प्रताडऩा अधिनियम के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि किसी व्यक्ति को टोन्ही उच्चारित कर उसे प्रताडि़त करना और उसके मानसिक, शारीरिक, व ख्याति को नुकसान पहुंचाना यह सभी अपराध की श्रेणी में रखा गया है। सौरभ बारा तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 के द्वारा बताया गया कि समाज और विकास के हर स्तर पर दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों और कल्याण को बढ़ावा देने और राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन के सभी पहलुओं में दिव्यांग व्यक्तियों की स्थिति के बारे में जागरूकता होनी चाहिये। उन्होंने यह भी बताया कि आज समाज में दिव्यांग व्यक्तियों से लोग दूर भागते हैं जबकि हमें उनके प्रति स्नेह का भाव रखना चाहिए। इस शिविर में नालसा की योजनाओं के साथ नि:शुल्क विधिक सहायता, नालसा हेल्पलाइन नंबर-15100 तथा 14 दिसम्बर 2024 को होने वाली आगामी नेशनल लोक अदालत की भी जानकारी दी गयी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ.गोमती सिंह सहित कालेज के अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे।

## मामूली विवाद पर दोस्त को ट्रक के सामने धकेला, खरसिया पुलिस ने हत्या के प्रयास अपराध में आरोपी को किया गिरफ्तार

### ❒ भेजा न्यायिक रिमांड पर

रायगढ़

खरसिया पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में 25 वर्षीय आरोपी यशवंत ऊर्फ अरुण सारथी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है। आरोपित की गिरफ्तारी उस घटना के बाद हुई, जिसमें यशवंत ने अपने 18 वर्षीय दोस्त बसंत कुमार सारथी को जानलेवा इरादे से ट्रक के सामने धकेल दिया था।

घटना 13 नवंबर 2024 को ग्राम उल्दा में हुई, जहां श्रीमद भागवत कथा के दौरान यशवंत का झगड़ा उदित नारायण नामक व्यक्ति से हो गया था। बसंत ने झगड़े को शांत कराया, लेकिन बाद में यशवंत ने उदित को मारने का इरादा जताया।



इस पर बसंत ने उसे रोकने की कोशिश की।

थोड़ी देर बाद जब दोनों पैदल नेशनल हाईवे-49 होकर अपने घर लौट रहे थे। यशवंत ने अचानक गुलशन दुकान के पास बसंत को तेज रफ्तार ट्रक के सामने धक्का दे दिया। इस घटना में बसंत का सिर ट्रक से टकरा गया और दोनों पैर बुरी तरह कुचल गए। गंभीर हालत में उसे रायपुर के मेकाहारा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों पैर काटने पड़े।

पीड़ित बसंत ने 2 दिसंबर को थाना खरसिया में इस घटना की लिखित शिकायत की। थाना प्रभारी निरीक्षक कुमार गौरव साहू ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़ित के शिकायत आवेदन के आधार पर आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 716/2024 धारा 110 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आरोपी यशवंत सारथी पिता साध राम सारथी उम्र 25 साल निवासी ग्राम उल्दा थाना खरसिया को गिरफ्तार किया। आरोपी को आज न्यायालय पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है।

## राष्ट्रीय कार्यक्रमों के बेहतर संचालन हेतु खण्ड चिकित्सा अधिकारियों की हुई समीक्षा बैठक

### ❒ संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने एवं हाईरिस्क गर्भवती माताओं के निरंतर फालोअप के लिये किया गया निर्देशित

रायगढ़

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के दिशा निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ.बी.के.चंद्रवंशी की अध्यक्षता में आज स्थानीय कार्यालय के आरोग्यम् सभा कक्ष में मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। समीक्षा बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन, समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक, राष्ट्रीय कार्यक्रम के समस्त नोडल अधिकारी के साथ समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रम की जिसमें बिंदुवार प्रत्येक कार्यक्रम की गहनता से चर्चा करते हुए सिकलसेल, आयुष्मान वंदन योजना, कायाकल्प में चिन्हित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो का मूल्यांकन, मलेरिया, हाइड्रोसील जैसे कार्यक्रमों में विस्तृत रूप से जानकारी लेते हुए निर्देश दिए गए। टी.बी.कार्यक्रम निक्षय-निरामय छत्तीसगढ़ अंतर्गत 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान जिले में चलाया जाएगा। यह अभियान 07 दिसंबर 2024 से 24 मार्च 2025 तक चलाया जाएगा। समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों की लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने हाईरिस्क गर्भवती माताओं के फालोअप, खान-पान ,दवा की काउंसिलिंग करने के लिये निर्देशित किया गया।

## खुशियों की चाबी : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने चार माह पहले जिन पीएम आवास निर्माण को दी थी स्वीकृति, निर्माण पूरा होने पर सौंपी घरों की चाबी

### ❒ 65 वर्षीय राधिका बाई ने कहा मुख्यमंत्री के संवेदनशील प्रयासों से मिला जीवन का पहला पक्का मकान

### ❒ रायगढ़ में मुख्यमंत्री साय ने 36 हितग्राहियों को सौंपा आवास पूर्णता प्रमाण पत्र

रायगढ़



खुद के पक्के मकानों का सपना संजोए लोगों की आस अब तेजी से पूरी हो रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पीएम आवास के कार्यों को न सिर्फ तेजी से स्वीकृति मिल रही है बल्कि आवासों का निर्माण भी उसी गति से पूरा किया जा रहा है। ताकि हितग्राहियों को उनका पक्का आशियाना जल्द मिल सके।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायगढ़ प्रवास के दौरान जिले में वर्ष 2024-25 के तहत 4 माह पहले स्वीकृत आवासों की पूर्णता पर हितग्राहियों को बधाई दी और उन्हें आवास पूर्णता प्रमाण पत्र और घरों को चाबी सौंपी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारा प्रयास है कि सभी स्वीकृत आवासों के निर्माण शीघ्र पूरे हों और हितग्राही जल्द अपने आवासों में गृह प्रवेश करें।

इस दौरान हितग्राहियों ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संवेदनशील प्रयासों से हमारे आवास निर्माण का सपना पूरा हो सका है। इनमें पुसौर की 65 वर्षीय राधिका बाई भी शामिल थी। उन्होंने कहा कि पूरा जीवन कच्चे मकान में निकल गया। इस बुढ़ापे में यह खयाल आता था कि खुद के पक्के मकान का सपना सपना ही न रह जाए। लेकिन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर आवास स्वीकृति से लेकर निर्माण में तेजी से काम हो रहा है। चार माह पहले ही हमें आवास की स्वीकृति मिली थी। सारी किश्तों का समय से भुगतान हुआ। अब हमारा पक्का मकान बन कर तैयार हो गया है। अब सुकून है कि हमारा भी खुद का पक्का घर है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480